# पं0 राजपति पाठक वैद्य बालिका शिक्षण संस्था

## सर्वीपुर ताड़ी, वाराणसी, उत्तर प्रदेश– 221207

# प्रगति अभिलेख : 2020–21

निःशक्त जनों की समस्याओं को देखते हुए पं0 राजपति पाठक वैद्य बालिका शिक्षण संस्था का स्थापना 10 सितम्बर 2010 को सर्वीपुर ताड़ी, वाराणसी में संचालित किया जाता है। संस्था सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 21, 1860 निःशक्तजन अधिनियम 1950 के अन्तर्गत पंजीकृत है। संस्था का प्रबन्ध संचालन संस्था की प्रबन्धकारिणी समिति द्वारा किया जाता है। यह संस्था निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए समर्पित है–

1. संस्था के हित में ऐसे कार्य का सम्पादन करना जो सोसायटी रजि0 अधिनियम 1860 की धारा 20 के अनुसार अनुमान्य हो।
2. अन्य कोई भी कार्य जो जन कल्याण महिला कल्याण की दृष्टि से संस्था द्वारा स्वीकार किया गया।
3. दैविक आपदाओं के समय जनता की हर सम्भव मदद करना।
4. पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण पर कार्यक्रम बनाना व संचालन करना।
5. वृक्षारोपण करना एवं कार्यक्रम का संचालन करना।
6. सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन एवं संचालन करना।
7. दहेज प्रथा उन्मूलन, नशा उन्मूलन, छुआ–छुत उन्मूलन का कार्यक्रम तैयार करना व संचालन करना।
8. ट्राइसिस एवं डवाकरा योजना के अन्तर्गत संचालित करना, विकास के कार्यक्रमों का बनाना और संचालन करना।

Ashish Pathak

पं0 राजपति पाठक वैद्य
बालिका शिक्षण संस्था
सर्वीपुर,ताड़ी,वाराणसी,उ0प्र0

9. एड्स एवं कैंसर आदि रोगो के बारे में जानकारी देना तथा उपचार हेतु व्यवस्था करना।
10. समय–समय पर नेत्र शिविर का संचालन एवं आयोजन करना।
11. संस्था द्वारा क्रय किये गये वाहनों की देख–रेख एवं समुचित रख–रखाव करना।
12. निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना।
13. समाज के विकास हेतु विद्यालय, पुस्तकालय, वाचनालय एवं शिलाई, कढ़ाई, बुनाई एवं प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रो की स्थापना करना तथा उसके संचालन की व्यवस्था करना।
14. आर्थिक रुप से पिछड़े समाज के लोगो के विकास हेतु राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा प्रदप्त सभी सुविधाए उपलब्ध कराना एवं जानकारी देना।
15. परिवार कल्याण एवं शिक्षा व कार्यक्रमों का आयोजन करना।
16. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सड़क, सुलभ शौचालय, पीने का पानी आदि की व्यवस्था कराये जाने हेतु प्रयासरत रहना।
17. समाज में बढ़ते हुए नशाखोरी अपराध पर नियंत्रण हेतु जॉच करना व कराना साक्ष्यों आदि के द्वारा नार्कोटिक कन्ट्रोल व्युरो भारत सरकार को सक्रिय सहयोग देना और आवश्यकता पड़ने पर सहयोग लेना।
18. संस्था द्वारा मानसिक शारिरीक विकलांगता से ग्रसित बच्चों के लिए शिक्षण प्रशिक्षण एवं उपचार की व्यवस्था उपलब्ध कराना तथा इनको आत्म निर्भर बनाने के लिए; मोमबत्ती, लिफाफा, ग्रिटिंग कार्ड बनाना सिखाया जाता है।
19. संस्था द्वारा साफ सफाई के लिए प्रचार–प्रसार करना तथा अभियान चलाकर साफ–सफाई कराना और संस्था द्वारा समाज के हर सम्भव विकास हेतु संविधान के अनुरुप कार्य कराना आदि।

संस्था के द्वारा एक्ट 1995 के अन्तर्गत निदेशक विकलांग कल्याण विभाग के द्वारा रजिस्टर्ड है, साथ में राष्ट्रीय न्यास के अन्तर्गत विकास डे केयर, दिशा योजना, निराम हेल्थ योजना वर्ष 2016 से संचालित है। जिसमें 4 श्रेणी के

Anil Pathak

पं० राजपति पाठक वैद्य
बालिका शिक्षण संस्था
सर्वीपुर,ताड़ी,वाराणसी,उ0प्र0

दिव्यांगजनों को शिक्षा स्वास्थ्य मनोरंजन आदि की व्यवस्था संस्था द्वारा किया जाता है। जिसमें स्व0 परायणता, प्रमस्तिष्कघात एवं मानसिक मन्दता एवं बहुविकलांगता के प्रभावित व्यक्तियों के कल्याण हेतु संस्था लगातार कार्य कर रही है।

**दिव्यांग जनों के लिए परामर्श सेन्टर की स्थापना–** द नेशनल ट्रस्ट (राष्ट्रीय न्यास) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा एक दिशा निर्देश पर संस्था द्वारा दिव्यांगजनों एवं अभिभावकों को जानकारी देने के लिए परामर्श सेन्टर की स्थापना की गयी है। जिसमें दिव्यांग जनों के हित सम्बन्धी जैसे– मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाना, रोडवेज पास बनवाना, पेंशन बनाना, लघु उद्योग सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी सभी योजनाओं के बारे में उपलब्ध के साथ जानकारी देना।

**द नेशनल ट्रस्ट (राष्ट्रीय न्यास) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार विश्व डाउन सिन्ड्रोम दिवस– 21 मार्च–** संस्था द्वारा विश्व डाउन सिन्ड्रोम दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन एवं अभिभावकगण के साथ जागरुकता कार्यक्रम रखा गया। जिसमें दिव्यांगजनों के अभिभावक को से दिव्यांग जनों के कठिनाइयों के बारे में पूछा गया और उसके निवारण के लिए उपाय बताया गया।

**द नेशनल ट्रस्ट (राष्ट्रीय न्यास) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार विश्व स्वलीनता जागरुकता दिवस– 2 अप्रैल के अवसर पर संस्था द्वारा कार्यक्रम** संस्था द्वारा स्वालीनता जागरुकता दिपस के अवसर पर समाज में जागरुकता रैली निकाली गई जिसमें विशेष बच्चों द्वारा समाज में संदेश दिया गया कि हम किसी से कमजोर नही है।

Ashish Pathak

पं0 राजपति पाठक वैद्य
बालिका शिक्षण संस्था
सर्वीपुर,ताड़ी,वाराणसी,उ0प्र0

**विशेष बच्चों द्वारा योग कार्यक्रम**– संस्था के द्वारा विशेष बच्चों के लिए तीन दिवसीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया और साथ में खेल–कूद का भी आयोजन किया गया।

**अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम**– विशिष्ट बच्चों के प्रति उपके माता–पिता उनके माता–पिता/अभिभावक के जिम्मेदारी का एहसास दिलाने एवं उनके बच्चे के प्रति उचित व्यवहार करने, रख–रखाव इत्यादि को ध्यान में रखते हुए 2–3 महिने में प्रशिक्षण कार्यक्रम।

**बालिकाओं के लिए निःशुल्क शिक्षा**– संस्था द्वारा बालिकाओं को निःशुल्क वर्ष 2013 से कक्षा 6 से 8 तक संचालित है।

**महिलाओं एवं बालिकाओं को रोजगार परक बनाना**– संस्था द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को सिलाई कढ़ाई के साथ ही रोजगार परक बनाना।

**बालिकाओं एवं विशेष बच्चों के द्वारा भारत सरकार के योजनाओं का रैली द्वारा प्रचार प्रसार कराना**– बालिकाओं एवं विशेष बच्चों द्वारा भारत सरकार के योजनाओं के बारे में प्रचार–प्रसार के माध्यम से समाज में बताना जैसे में वृक्षारोपण कार्यक्रम, पर्यावरण प्रदूषण, शौचालय का प्रयोग, विदेशी सामानों का बहिष्कार आदि कार्यक्रम।

**कैम्प लगाकर मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाना**– ग्रामीण क्षेत्र में दिव्यांगजनों को मडिकल प्रमाण पत्र बनवाने के लिए माननीय जिलाधिकारी वाराणसी महोदय व मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला दिव्यांग अधिकारी से सम्पर्क कर 05 अगस्त 2017 को दिव्यांग जन एमआर व सीपी श्रेणी के लोगों का मेडिकल प्रमाण पत्र संस्था द्वारा बनवाया गया।

**द नेशनल ट्रस्ट (राष्ट्रीय न्यास) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देश पर संस्था द्वारा समावेशि भारत पद यात्रा**– दिव्यांग जनों को समानता अवसर प्रदान करने के लिए सामान्य बच्चों व दिव्यांगजनों के साथ

Abhishek Pathak

पं0 राजपति पाटक वैद्य
बालिका शिक्षण संस्था
सर्वीपुर,ताड़ी,वाराणसी,उ0प्र0

संस्था के द्वारा समावेशित पद यात्रा दिनांक– 13.08.2017 का आयोजन भारत सरकार के मंशा हेतु किया गया।

**शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम–** सामान्य बालिकाओं व दिव्यांगजनों को एक साथ दिनांक 21.11.2017 से 22.11.2017 तक शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें दिव्यांग जनों को समानता अवसर प्रदान हो सके इस उद्देश्य से कराया गया।

**स्वछता–** संस्था द्वारा बालिकाओं व दिव्यांगजनों और शिक्षकगण एक साथ स्वच्छता रैली व प्रचार– प्रसार का आयोजन 02 अक्टूबर को कराया गया।

**विश्व दिव्यांग दिवस पर खेल का आयोजन–** विश्व दिव्यांग दिवस पर संस्था द्वारा राष्ट्रीय न्यास स्वपरायणता, प्रमस्तिष्कघात, मानसिक मन्दता तथा बहु दिव्यांग बच्चों के खेल का आयोजन कराया गया। जिसमें बालिकाओं और दिव्यांगजन श्रेणी के बच्चों ने अलग–अलग प्रतिभा दिखाया और संस्था द्वारा उन्हे पुरस्कृत भी किया गया।

**स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता रैली–**

संस्था द्वारा गॉव–गॉव जाकर ग्रामीण क्षेत्र में रूबैला,खसरा आदि विमारियों की रोक–थाम के लिए रैली के माध्यम से जागरूक करना।

**दिव्यांग जानो को कृत्रिम अंग दिलाने में सहयोग–**

दिव्यांग जनो को संस्था द्वारा कृत्रिम अंग दिलाने के लिए दिव्यांग जानो के घर–घर जाकर पंजीकरण कर जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी वाराणसी से सम्पर्क कर के सहयोग से दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग वितरण संस्था द्वारा 56 कृत्रिम अंग दिलवाया गया।

**ग्रामीण क्षेत्र में दिव्यांगजन एवं गरीब जन को कम्बल–**

Anita Pathak
पं0 राजपति पाठक वैद्य
बालिका शिक्षण संस्था
सर्वीपुर,ताड़ी,वाराणसी,उ0प्र0

संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में ठण्ड के मौसम में कम्बल वितरण दिव्यांग जनो को कम्बल वितरण जनप्रतिनिधि द्वारा सम्पन्न कराया गया।

**दिव्यांगजनों को रोजगारपकर बनाने के लिए कार्यशाला का शिलान्यास–**

दिव्यांगजनों को रोजगारपरक बनाने के लिए शिलान्यास दिनांक 24.08.2019 को क्षेत्रीय विधायक, क्षेत्रीय सांसद, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ और साथ में बड़े पैमाने पर दिव्यांगजनों को संस्था के प्रयास से कृत्रिम अंग वितरण किया गया।

**दिव्यांगजनों को आवासीय सुविधा देने के लिए प्रयासरत–**

दिव्यांगजनों को आवासीय सुविधा देने के लिए प्रयास किया जा रहा है जिसमें माननीय मंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश के सहयोग से निर्माण कार्य हो रहा है जो कि दिव्यांगजनों को जुलाई 2020 से आवासीय सुविधा दिया जायेगा।

**द नेशनल ट्रस्ट (राष्ट्रीय न्यास) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार** द्वारा संचालित दिशा कम विकास योजना के अन्तर्गत ऐसे दिव्यांगजन स्वपरायणता, प्रमस्तिष्कघात, मानसिक मन्दता, बहु दिव्यांग बच्चों को वर्ष 2016 से डे केयर सेन्टर संचालित है। जिसमें दिव्यांगजनों को शिक्षा, स्वास्थ्य मनोरंजन, ट्रांसपोर्ट और रोजगार परक बनाने का प्रयास किया जाता है।

**द नेशनल ट्रस्ट (राष्ट्रीय न्यास) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा कोविड–19 महामारी घोशित होने पर होम कन्वेशन सुविधा**–राष्ट्रीय

पं० राजपति पाठक वैद्य
बालिका शिक्षण संस्था
सर्वीपुर,ताड़ी,वाराणसी,उ०प्र०

न्यास के द्वारा कोविड–19 महामारी मार्च 2020 से प्रारम्भ हुआ जिसमें दिशा कम विकास, योजना राष्ट्रीय न्यास के अन्तर्गत आने वाले दिव्यांगजन डे केयर एकेडमिक दिव्यांगजन के हित को देखते हुए कोविड–19 की महामारी की वजह से बन्द कर दिया गया और होम कन्वेश के तहत दिव्यांगजन के घर–घर जाकर फिजियोथेरेपिस्ट, खाद्य पदार्थ, सेनेटाइजर इत्यादि जरुरी सुविधाए संस्था के द्वारा उपलब्ध कराया गया।

**द नेशनल ट्रस्ट (राष्ट्रीय न्यास) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार** के द्वारा कोविड–19 की महामारी के बचाव के बारे में वर्चुवल मिटिंग कर दिव्यांगजन एवं उनके अभिभावकों को स्वास्थ के प्रति जागरुक करने के लिए संस्था द्वारा प्रचार प्रसार किया गया।

**दिव्यांगजनों को स्वेटर वितरण–** दिशा कम विकास योजना के अन्तर्गत पंजीकृत दिव्यांग बच्चों को स्वेटर वितरण संस्था द्वारा किया गया।

Alnih pathun

पं0 राजपति पाठक वैद्य
बालिका शिक्षण संस्था
सर्वीपुर,ताड़ी,वाराणसी,उ0प्र0

पशु चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की टीम में बाल किशुन सिंह, वीरू तिवारी, संजय यादव, जहांगीर आलम ने मौके पर जाकर सांड का उपचार किया और अभी कई दिनों तक उसकी मरहम पट्टी की जायेगी।

## दिव्यांग बच्चों में हुआ खाद्य सामग्री एवं स्वेटर का वितरण

**बड़ागांव/वाराणसी।** पं. राजपति पाठक वैद्य बालिका शिक्षणा संस्था सर्वीपुर ताड़ी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र मे घर-घर जा कर दिव्यांग बच्चों को खाद्य वस्तु व फल वितरण किया



गया और ठंड बढने के कारण स्वेटर वितरण किया गया। संस्था के द्वारा जब से लाक डाउन लगा है तब से अब तक निरंतर दिव्यांग जन के हित को देखते हुये शिक्षा, स्वाथ्य फिजीयौथैपिस्ट आदि पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि दिव्यांग बच्चों को किसी प्रकार का असुविधा न हो सकें। इस मौके पर संस्था के प्रबन्धक आशीष कुमार पाठक के दिशा निर्देश पर शिक्षक यस के पाण्डेय ,हौशिला, फिजीयौथैपिस्ट आदेश मिश्रा व अन्य कर्मचारी ने दिव्यांग के हित में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किये।

## विद्युत विभाग ने वसूले लाखों राजस्व, दस पर एफआईआर

**नियारडीह/वाराणसी।** चोलापुर क्षेत्र के पलहीपट्टी स्थित विद्युत उपकेंद्र पर विद्युत उपखंड अधिकारी चोलापुर उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में रविवार को विद्युत विभाग द्वारा आयोजित मेगा कैंप में विभाग ने लाखों रुपए राजस्व वसूली के साथ ही क्षेत्र में कांबिंग कर विद्युत चोरी करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया। उपखंड अधिकारी ई. उपेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार को चले अभियान के तहत 1.65 लाख राजस्व वसूली, दो दर्जन विद्युत बकायेदारों का विद्युत विच्छेद करने के साथ ही विद्युत चोरी करने वाले 10 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया। इस दौरान खराब मीटर बदली के साथ ही दर्जनों उपभोक्ताओं का विद्युत संबंधित समस्या का त्वरित निस्तारण किया गया। मौके पर प्रमुख रूप से अधिशासी अभियंता (मीटर) अभिषेक सिंह यादव, विद्युत उपखंड अधिकारी उपेंद्र कुमार, सहायक अभियंता मदन गोपाल श्रीवास्तव, अवर अभियंता, नारायण सिंह शिववचन यादव, अवधेश यादव, नीरज कुमार, विनोद पटेल, रमेश कुमार, अरुण कुमार व दिलीप मौजूद रहे।

## सपा ने बूथ अध्यक्षों संग की बैठक

**पिंडरा/वाराणसी।** एमएलसी चुनाव के तिथि की घोषणा होते ही क्षेत्र में विभिन्न पार्टियों की सरगर्मी बढ़ गई है। रविवार को इसी क्रम में सपा की बूथ स्तरीय बैठक पिंडरा में हुई। जिसमें चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ी। पार्टी से ओर से घोषित प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा ने बैठक में भाग लिया और कार्यकर्ताओं से कहाकि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होता है बिना कार्यकर्ताओ से कोई जीत नहीं [illegible]



# गंगा सेवा सद
# खुला कॉम्पो

**मिर्जामुराद/वाराणसी (एसएनबी)।** गंगा सेवा सदन हॉस्पिटल चांदपुर मंडुआडीह रोड में अब मरीजों को काम्पोनेन्ट ब्लड बैंक की सुविधा का लाभ मिलेगा। रविवार को कॉम्पोनेन्ट ब्लड बैंक का उद्घाटन हॉस्पिटल के चेयरमैन राकेश मौर्य एवं प्रबंधक डॉ. सुशीला मौर्या की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि इंडियन बैंक की वरिष्ठ प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया।



उद्घाटन समारोह में सर्वप्रथम चेयरमैन राकेश मौर्या द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया एवं कॉम्पोनेन्ट ब्लड बैंक के आ जाने से समीपवर्ती क्षेत्रो के मरीजों

# सुसामंजस्य स

**सेवापुरी/वाराणसी (एसएनबी)।** जंसा क्षेत्र के हाथी बाजार स्थित आनंद मार्ग आश्रम में रविवार को सायंकाल धर्मचक्र के दरमियान भक्तों को आशीर्वचन देते हुए आचार्य रूद्र शिवानंद अवधूत जी ने कहा कि सुसामंजस्य सभी क्षेत्रों में जरूरी है चाहे कृषि उद्योग हो या

जैसे 40 प्रतिश
आधारित उद्यो
पर निर्भरशील
या बड़े या म
आबादी को
प्रतिशत

Ahilesh Pathak
पं० राजपति पाठक वैद्य
बालिका शिक्षण संस्था
सर्वीपुर,ताड़ी,वाराणसी,उ0प्र0

ी का कनेक्शन कटवा कर ली।

किसानों ने इस समस्या की ओर ... ध्यान आकृष्ट कराया है।

# दिव्यांग बच्चों में हुआ किट का वितरण

बड़ागांव/वाराणसी (एसएनबी)। राष्ट्रीय न्यास मानव संसाधन द्वारा संचालित दिशा कम विकास योजना के तहत मंगलवार को राजपति पाठक वैद्य बालिका शिक्षणा संस्थान सरबीपुर ताड़ी वाराणासी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में 36 दिव्यांग बच्चों में किट वितरण किया गया। यह किट राष्ट्रीय न्यास मानव संसाधन विकास मंत्रालाय भारत सरकार द्वारा विद्यालय को प्राप्त हुआ है, जिसमे बच्चों के खेलकूद संबंधी सामान एवं शिक्षा से जुड़ी किताबे है। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दीपक सिंह के हाथ से बच्चों में किट का वितरण किया गया। संस्था के द्वारा जब से लॉक डाउन लगा है, तब से अब तक निरंतर दिव्यांग जन के हित को देखते हुये शिक्षा, स्वास्थ्य, फिजीयोथेरेपिस्ट आदि पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि दिव्यांग बच्चों को किसी प्रकार का असुविधा न हो सकें। इस मौके पर संस्था के आशीष कुमार पाठक, गुलाब सिंह (प्रधान) राज पाठक, मोन पाठक, महेंद्र दुबे, महेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



या जागरूक

अधिवक्ताओं का दल

Ashish Pathak

पं० राजपति पाठक वैद्य
बालिका शिक्षण संस्था
सर्वीपुर,ताड़ी,वाराणसी,उ०प्र०

बीएचयू पढ़ाव छात्र ...

जागरण संवाददाता, वाराणसी : स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर बीएचयू के ग्रंथालय में छात्रों ने मंगलवार को केंद्रीय कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। उनका स्टाइपेंड पहले तीन हजार रुपये था, जिसे 2014 में बढ़ाकर पांच हजार कर दिया गया। विद्यार्थियों की मांग है कि अब स्टाइपेंड ... हजार रुपये किया जाए। साथ ही मेडिकल व छात्रावास की भी सुविधा मिले। इस मौके पर जयेश सिंह, कुणाल गौरव, सुधांशु सोनी, शुभम, अमित, विनय, नीरज, अश्वनी, अभय कुमार, गिरीश, संजय, सूरज, अमरजीत आदि मौजूद थे।

# दिव्यांग बच्चों में किट वितरित

जागरण संवाददाता, बड़ागांव : राष्ट्रीय न्यास द्वारा संचालित दिशा कम विकास योजना के तहत मंगलवार को राजपति पाठक वैद्य बालिका शिक्षण संस्था सर्वीपुर ताडी की ओर से 36 दिव्यांग बच्चों को किट दिया गया।

यह किट राष्ट्रीय न्यास मानव संसाधन विकास मंत्रालय से प्राप्त हुआ है। मुख्य अतिथि दीपक सिंह ने किट वितरित किया। किट में बच्चों की शिक्षा और मनोरंजन से संबंधित सामान हैं। संस्था के प्रबंधक आशीष कुमार पाठक, गुलाब सिंह, राजू पाठक, सोनू पाठक, महिंद्र दुबे, महिंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अब 31 दिसंबर तक भर सकते हैं फार्म 15जी

जागरण संवाददाता, वाराणसी : आयकर विभाग के पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्या को देखते हुए विभाग ने फार्म 15जी भरने की समय सीमा को 31 ...

**आयकर विभाग**

- पोर्टल में तकनीकी समस्या आने से बढ़ाई गई तिथि

Ashish Pathak
पं0 राजपति पाठक वैद्य
बालिका शिक्षण संस्था
सर्वीपुर, ताड़ी, वाराणसी, उ0प्र0